हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

11 एक दशक में बीबीबीपी अभियान ने लैंगिक समानता और बच्चियों की स्थिति में सुधार लाने में की महत्वपूर्ण प्रगति



12 सोसायटीज का अनट्रीट वाटर बना मुसीबत धारूहेड़ा क्षेत्र के लोगों को निजात नहीं



## खबर संक्षेप



### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** बास रोड विशाल कॉलोनी से चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में राजस्थान के गांव मेगा का खेड़ा निवासी प्रकाशचंद्र उपाध्याय ने बताया कि वह विशाल कॉलोनी में रह रहा है। उसने अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी थी। चोर उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। उसने पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर चोरी की सूचना दी। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तमाम प्रयासों के बावजूद बाइक का पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के तीन आरोपी चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने रोहतक रोड पर 18 मार्च को हुए एक्सिडेंट के मामले में रोहतक के समचाना निवासी चांदवीर को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने 16 मार्च को हुए हादसे में आरोपी नैचाना निवासी अशोक को गिरफ्तार किया है। थाना जाटूसाना पुलिस ने 15 मार्च को हुए हादसे में चौकी नं. 2 निवासी राजकरण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गाड़ियां भी बरामद की गई हैं। तफ्तीश में शामिल करने के बाद तीनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### घास काटने गए युवक की बाइक चोरी

**डहीना।** कंवाली ग्राउंड के पास खेत में खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में डहीना निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि वह बाइक लेकर कंवाली के खेतों में घास काटने के लिए गया था। ग्राउंड के पास बाइक खड़ी करने के बाद वह खेत में घास डालने चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। डहीना पुलिस चौकी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### खेत में बने मकान के पास बाइक चोरी

**कुंड।** मायण गांव की सीमा में चोर एक खेत में बने मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बटौड़ी निवासी राजीव ने बताया कि उसने मायण गांव की सीमा में ट्यूबवेल पर ही मकान बनाया हुआ है। उसकी बाइक मकान के बाहर खड़ी थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक ले गए। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। खोल थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### स्कूल के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** प्राइवेट स्कूल में बहन को इंटरव्यू दिलाने आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। सेक्टर-6 थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में जाट भूरथल निवासी नितिन ने बताया कि वह अपनी बहन को इंटव्यू दिलाने के लिए प्राइवेट स्कूल बाइक लेकर आया था। बाइक स्कूल के गेट पर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### नाईवाली चौक फ्लाईओवर तक बना गोवंश का ठिकाना

# गोशालाओं की कैपेसिटी फुल, शहर में गोवंश का जमावड़ा, पशुपालकों की गाएं सड़कों पर

- दूध निकालने के बाद गायों को सड़कों पर छोड़ रहे पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में सड़कों पर विचरण करने वाले गोवंश की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर परिषद की ओर से गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में भेजने का ठेका दिया हुआ है। दो प्रमुख धारूहेड़ा व जाटूसाना गोशालाओं में गोवंश रखने के लिए जगह नहीं बची है, जिस कारण अब पशुओं को वहां भेजना भी बंद कर दिया गया है। नगर परिषद को गोवंश बाहर भेजने का कोई विकल्प नहीं मिल रहा है। अधिकांश गाएं पशुपालकों की ही हैं, जिन्हें दूध निकालने के बाद सड़कों पर पेट भरने के लिए छोड़ दिया जाता है।

शहर को स्ट्रे कैटल फ्री बनाने के दावे लंबे समय से किए जा रहे हैं। समस्या स्ट्रे कैटल से ज्यादा पालतू पशुओं की बनी हुई है। एक विशेष वर्ग के लोगों ने दूध बेचने के लिए बड़ी संख्या में गाएं रखी हुई हैं। यह गाएं सुबह-शाम दूध दुहने के समय मालिक के घर पहुंच जाती हैं। दूध निकालने के बाद इन्हें पेट भरने के लिए वापस सड़कों की ओर धकेल दिया जाता है। इसके बाद पालतू पशुओं को भी बेसहारा बना दिया जाता है। गोवंश शहर के प्रमुख सरकुलर रोड से लेकर गली-मोहल्लों तक में पेट भरने के लिए विचरण करता है। नाईवाली चौक पर गायों का सर्वाधिक जमावड़ा रहता है, जिससे दिन भर सड़क पर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। अब तो इन पशुओं ने नाईवाली चौक फ्लाईओवर तक को अपना ठिकाना बना लिया है। इस फ्लाईओवर पर बड़ी संख्या में गाएं और सांड आराम फरमाते हैं। फ्लाईओवर शाम के समय वाहनों का निकलना मुश्किल बना रहता है। शहर के गली-मोहल्लों में भी गोवंश के कारण जगह-जगह गोबर की गंदगी फैलती है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोवंश को शहर से बाहर करने के लिए नगर परिषद के पास कोई ठोस योजना तक नहीं है, जिससे इसका दंश शहर के लोगों को ही झेलना पड़ रहा है। शहर की सड़कों पर घूमने वाली गायों में अधिकांश पशुपालकों की ही हैं। पशुपालक इनका दूध निकालने के बाद पेट भरने के लिए सड़कों पर छोड़ देते हैं। दूध बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं, परंतु गायों को बांधने पर खर्च करने को तैयार नहीं हैं। ऐसी गायों को एक बार पकड़ने के बाद नगर परिषद 5 हजार रुपये का जुर्माना करते हुए छोड़ देती है।

इसी बीच 'सफेदपोश' का फोन आ जाए, तो बिना जुर्माना भी गाय छोड़नी पड़ती है। नप के अधिकारियों का तर्क है कि पशुपालकों के साथ बातचीत की गई, परंतु उन्होंने जगह नहीं होने की बात कहते हुए गायों को बांधने की मजबूरी बता दी।






रेवाड़ी। नाईवाली पुल पर लगा गोवंश का जमावड़ा, महाराणा प्रताप चौक के पास सड़क पर घूमते गोवंश। फोटो :हरिभूमि

#### गोशालाओं में भेजने का विकल्प बंद

*धारूहेड़ा और जाटूसाना दोनों गोशालाओं की कैपेसिटी खत्म हो चुकी है। हमारे पास गोवंश को गोशालाओं में भेजने का विकल्प नहीं है। कनुका गोशाला प्रबंधन से बातचीत चल रही है। वहां टीनशेड का कार्य पूरा होने के बाद ही गोवंश को भिजवाया जाएगा। पशुपालकों ने जगह नहीं होने की बात कहते हुए गायों को खुला छोड़ना मजबूरी बताया है।*

*-सुधीर कुमार, सीएसआई, नप।*

#### लोगों के लिए साबित हो रहे जान का खतरा

सड़कों पर विचरण करने वाले बेसहरा पशुओं ने गत तीन वर्ष में चार लोगों की जान लील ली है। खासकर खुले घूमने वाले सांड मौका मिलते ही राहगीरों पर हमला कर देते हैं। कई वाहन चालकों को आपस में लड़ते हुए सांड नुकसान पहुंचा चुके हैं। गलियों में घूमने वाले पशुओं के पास से गुजरते समय हमला करने की आशंका बनी रहती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक को हमले की आशंका सताती रहती है। हादसा होने के बाद कुछ समय तक गोवंश सड़कों पर नजर नहीं आता, परंतु बाद में हालत वहीं बन जाते हैं। बड़ी संख्या में गायों को गोशालाओं में भेजने के दावे सड़कों पर कागजी साबित होते नजर आते हैं।

#### गोशालाओं में नहीं बची गायों के लिए जगह

शहर से गोवंश को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ने के लिए 1700 रुपये प्रति पशु के हिसाब से ठेका दिया हुआ है। गोवंश को अभी तक जाटूसाना और धारूहेड़ा की गोशालाओं में ही छोड़ा जा रहा था। इस समय दोनों गोशालाओं की कैपेसिटी पूरी हो चुकी है, जिस कारण प्रबंधन ने अधिक गोवंश लेने से हाथ खड़े कर दिए हैं। कनुका में एक गोशाला के टीनशेड का कार्य चल रहा है, जिस कारण वहां भी गोवंश भेजना संभव नहीं है। ऐसे में शहर के लोगों को गोवंश से राहत मिलने के आसार कम ही हैं। लोगों को लंबे समय तक इस परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया 200 बेड अस्पताल के लिए प्रस्तावित जमीन का मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेश के नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश के अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है ताकि मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मंगलवार को जिले में प्रस्तावित 200 बेड के अस्पताल के निर्माण के लिए गांव गोकलगढ़, भगवानपुर और माजरा श्यारोज गांव का दौरा करते हुए प्रस्तावित जमीन का मौका मुआयना किया। इस अवसर पर बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार व कोसली से विधायक अनिल कुमार भी उपस्थित थे। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसी जगह का चयन किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक नागरिक लाभान्वित हो सकें। जैसे ही जगह का चयन कर लिया जाएगा, इसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी और निर्धारित समयावधि में ही 200 बेड के अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान ने स्वास्थ्य मंत्री को प्रस्तावित जमीनों के बारे में जानकारी दी।



रेवाड़ी। 200 बेड के लिए प्रस्तावित अस्पताल की जमीन का मौका मुआयना करती स्वास्थ्य मंत्री। फोटो :हरिभूमि

## लाखों रुपये के कार्बोरेटर चोरी में तीन और काबू, कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिए

- कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना कसोला पुलिस ने बावल औद्योगिक एरिया के सेक्टर-5 की एक कंपनी के गोदाम से लगभग 10 लाख रुपये के कार्बोरेटर चोरी करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। कंपनी के प्लांट हेड जेके वर्मा ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि 25 दिसंबर 2023 की रात कंपनी के गोदाम से खिड़की उखाड़कर कार्बोरेटर के 34 बॉक्स चोरी कर लिए गए हैं। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, परंतु आरोपियों को नहीं पहचाना जा सका। चोरी हुए बॉक्स में 955 कार्बोटर थे, जिनकी कीमत करीब दस लाख रुपये थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने चार आरोपियों सनेशपाल, मिथुन, शिवम शुक्ला व दिनेश को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने इस मामले में प्रयागराज के चोखठा नरवर निवासी सुधीर उर्फ अनिकेत, नरेंद्र उर्फ नवीन व प्रवीन उर्फ पुतुल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी किया गया माल बरामद किया जाएगा।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में चोरी के आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक युवक घायल

**कोसली।** कोसली के मलेशियावास रोड पर सोमवार को हुई एक सड़क दुघर्टना में एक मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राह चलते एक युवक ने पुलिस को सूचना दी तथा उसे कोसली अस्पताल पहुंचाया। कोसली गांव निवासी घायल युवक अंकित की मां ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कोसली थाने दी शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि वह आरपीएस स्कूल के समीप खेतों में काम कर रही थी। उनका बेटा अंकित मोटरसाइकिल पर उन्हें लेने आ रहा था कि रास्ते में किसी ट्रैक्टर चालक ने उसकी मोटरसाइकिल को साइड मार दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना के बाद वह अस्पताल पहुंची जहां डाक्टर ने उसे रेवाड़ी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

## पेट्रोलियम पाइप लाइन से तेल चोरी करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस इस मामले में सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है
- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाड़ी-पानीपत सेक्शन से तेल चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुजराज के अहमदाबाद हाल आबाद यूपी के जिला जोनपुर के सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र निवासी समीर पांडे के रूप में हुई है।

पुलिस इस मामले में सात आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आईओसीएल के सहायक प्रबंधक सचेत यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 28 फरवरी 2024 को उनकी मुद्रा-पानीपत पाइप लाइन के रेवाडी-पानीपत सेक्शन पर गस्त करते समय गार्ड राधेश्याम को गांव भाड़ावास की सीमा में कच्चा तेल बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रामपुरा में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में सात आरोपी अवधेश उर्फ दीपू, भारत, शिवराज, मुकेश, अभिषेक उर्फ पिन्टू, सूर्य प्रकाश उर्फ मोनु व बलविन्द्र को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सीआईए-ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी समीर पाण्डे को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तेज चोरी का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 75 परिवारों की लौटाई मुस्कान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने मार्च माह में ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता हुए बच्चों, महिलाओं व व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलवाकर उनके चेहरे पर खुशी लौटाई है। पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने पिछले 31 दिनों में 19 बच्चों सहित कुल 75 लापता हुए लोगों को परिवार से मिलाया है। इनमें नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने 56 व्यस्कों और 19 बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया। पुलिस ने लापता हुए लोगों को दूसरे जिलों व राज्यों से सकुशल बरामद किया। ऑपरेशन मुस्कान में सामने आया कि ज्यादातर बच्चे परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से बिना बताए चले गए थे और कुछ बच्चे रास्ता भटक कर लापता हो गए थे।

### दो गुटों में विभाजित होने के कारण विकासकार्य हो रहे बाधित

# गुटबाजी का शिकार नगर पालिका, अभी भी पास नहीं हो सका बजट

- आम बैठक सचिव के मौजूद नहीं होने के कारण हुई स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नगर पालिका की गुटबाजी कस्बे के विकास की राह का रोड़ा बन चुकी है। कोरम के अभाव में नपा का बजट अभी तक पास नहीं हुआ है। मंगलवार को सचिव की गैर मौजूदगी के कारण आम बैठक भी स्थगित हो गई। उप प्रधान और प्रधान के बीच वर्चस्व की जंग चल रही है, जिसमें एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए जा रहे हैं। कोरम के अभाव में बजट बैठक पहले स्थगित हो गई थी। मंगलवार को आम बैठक बुलाई गई थी, ताकि बजट बैठक को लेकर सहमति बन सके। सचिव के चंडीगढ़ मीटिंग में जाने के कारण आम बैठक भी स्थगित कर दी गई। इस बैठक में सभी पार्षदों ने भाग लिया। बैठक स्थगित होने के बाद उप प्रधान अर्जुन चौकन ने प्रधान विरेंद्र महलावत के उन आरोपों का जवाब दिया, जिनमें उन पर गुटबाजी करने की बात कही गई थी। चौकन ने कहा कि पार्षदों के वार्डों में विकायकार्य को लेकर भेदभाव हो रहा है, जिस कारण कई पार्षदों में रोष है। भेदभाव को लेकर ही 10 पार्षद बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुर्जर चौपाल और ज्योतिबा फुले पार्क को लेकर गलत बयानबाजी की जा रही है, जबकि उनके पास पर्याप्त दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अगर समान रूप से विकासकार्य कराए जाएं, तो सभी पार्षद एकजुट होकर साथ देने के लिए तैयार हैं। बैठक में भाग लेने के लिए प्रधान विरेंद्र महलावत, अजय चौकन उप प्रधान, पार्षद अनीता देवी, रमेश, देवेंद्र अरनेजा, रोहताश नंबरदार, किरण मेहंदीरत्ता, मेनका कुमारी, शीला देवी, प्रमोद, रेणू सहित सभी पार्षद नपा कार्यालय पहुंचे थे।



रेवाड़ी। बैठक में जानकारी देते हुए उपप्रधान अजय चौकन। फोटो :हरिभूमि

#### जल्द बुलाई जाएगी बजट बैठक

*मंगलवार को सचिव की गैर मौजूदगी के कारण बैठक स्थगित हो गई। बजट को लेकर जल्द ही दूसरी बैठक बुलाई जाएगी। पार्षदों ने बजट बैठक पर सर्वसम्मति जताई है। नपा का बजट जल्द पास होगा। सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकासकार्य कराए जाएंगे।*

*-विरेंद्र महलावत, प्रधान, प्रधान।*



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि



शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।

# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते है कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



**निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया**

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप



कोसली विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

### खाद- बीज विक्रेताओं ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**कोसली।** जिले के खाद बीज विक्रेता संगठनों ने कोसली और बावल के विधायकों को ज्ञापन सौंपा। रेवाड़ी खाद बीज विक्रेता संगठन ने नए बीज कीटनाशी अधिनियम 2025 में किए गए संशोधन के विरोध, अधिनियम 1966 की धारा 19 में संशोधन के विषय तथा कीटनाशी अधिनियम 1968 के केंद्रीय अधिनियम 46 की धारा के संशोधन के संबंध में विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रधान राकेश यादव ने नए सीड एक्ट से जुड़े मुद्दों और विक्रेताओं पर इसके प्रभावों को विधायकों के समक्ष रखा। यह एक्ट विक्रेताओं और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाए। विधायक अनिल यादव ने हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### मंडोर एक्सप्रेस से गिरने के कारण युवक की मौत

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जीआरपी से सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार रात्रि को प्लेटफार्म नंबर-एक पर मंडोर एक्सप्रेस ट्रेन में एक युवक चढ़ते समय नीचे गिर गया, जिसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। युवक की मौके पर शिनाख्त नहीं हो पाई। मृतक ने टिकट भी नहीं लिया हुआ था। शिनाख्त नहीं होने के कारण शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने गांव रामपुरा की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित


# लिंगानुपात में एक साल में गांव रामपुरा पहले पायदान पर पहुंचा

**बीबीबीपी अभियान ने बच्चियों की स्थिति में सुधार लाने में की प्रगति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना यानि बीबीबीपी ने सफलतम 10 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं।

उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में इस योजना ने भारत में लैंगिक समानता और बच्चियों की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। पिछले एक साल के लिंगानुपात के डाटा आधार पर गांव रामपुरा 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों में जिले में पहले पायदान पर रहा है।



रेवाड़ी। मेधावी छात्रा को सम्मानित करती आरती राव। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव मंगलवार को गांव रामपुरा में आयोजित लिंगानुपात पर आधारित मेधावी सम्मान समारोह में छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत संबोधित कर रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर 2024 तक के लिंगानुपात के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो गांव रामपुरा की कुल जनसंख्या 5201 है, इसमें एक साल के दौरान कुल 56 नवजात शिशुओं ने जन्म लिया, इनमें 32 बेटियां तथा 24 बेटे शामिल हैं। ऐसे में लिंगानुपात का प्रतिशत 1333.333 बनता है। उन्होंने ग्रामवासियों का आह्वान किया कि वे बेटियों को बचाएं और उन्हें खूब पढ़ाएं-लिखाएं। आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश-प्रदेश का मान बढ़ा रही है।

**अभियान ने बदली लोगों की धारणा**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने लोगों की धारणा बदली है। इस अभियान के चलते अब लोग बेटियों को बचाने के साथ-साथ बेटियों की पढाई-लिखाई पर और अधिक ध्यान देने लगे हैं और बेटा-बेटी को समान दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक बन चुका है। अभियान का उद्देश्य बच्चियों को बेहतर जिंदगी, शिक्षा, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण पर जोर देते हुए लिंगानुपात में सुधार करना और बालिकाओं को पढ़ने के समान अवसर प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना लैंगिक असंतुलन को दूर कर बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से शुरू की गई एक प्रमुख पहल है, जो बालिकाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पिछले 10 वर्षों में महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर में सुधार से बड़ा बदलाव आया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली, पूर्व जिला पार्षद नीतू चौधरी, सरपंच नरेश यादव वप्रदीप ठेकेदार नारायणपुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## प्राइमरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक उत्सव

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के मौहल्ला कृष्णा नगर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में वार्षिक उत्सव एवं प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की अध्यक्ष पिंकी देवी व मुख्य शिक्षक भगवत स्वरुप बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मेधावी विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि तथा मुख्य शिक्षक ने सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय स्टॉफ महेश कुमार, पूनम रानी, मनोज कुमार, रीना, सीमा रानी, संगीता व सुमित्रा सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों की मांगों को लेकर सांकेतिक धरना

- एबीवीपी सदस्यों ने आईजीयू में किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय इकाई की ओर से विद्यार्थी हितों की मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

एबीवीपी पदाधिकारियों ने कहा कि एलएलएम कुछ वर्षों से बंद है, जिसे दोबारा इस सेशन में शुरू किया जाए, विश्वविद्यालय में नेट की कोचिंग उपलब्ध कराई जाए, विश्वविद्यालय में वाई-फाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराया जाए व विश्वविद्यालय की बस स्पेशल छात्राओं के लिए चालू कराई जाए तथा उन्होंने विश्वविद्यालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला विभाग संयोजक युधिष्ठर धनखड़ ने कहा की कोई विद्यार्थी कुलपति का विरोध करता है, विश्वविद्यालय प्रशासन उस विद्यार्थी लगातार दबाव बनाता है। पिछले तीन सालों से विश्वविद्यालय में कोई कार्य नहीं कराया गया है। कई बार बसों की समस्याओं को उठाया गया, परंतु विवि प्रशासन इसे अनदेखा कर रहा है। जिला संयोजक तरुण यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में एलएलएम कोर्स पिछले कुछ सालों से बंद कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थी प्राइवेट सेक्टर में पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं।



रेवाड़ी। आईजीयू में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम**

## बेटियों को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़

महिला एवं बाल विकास विभाग नाहड़ की ओर से गांव कारोली के आंगनबाड़ी केंद्र में जल संरक्षण तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर संतोष ने कहा कि जल है तो कल है। पृथ्वी पर सभी के जीवन के अस्तित्व के लिए पानी आवश्यक है। यदि हम जल संरक्षण को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हमारे बच्चे व आने वाली पीढ़ी पानी की कमी से पीड़ति रहेंगे। उन्होंने कहा कि बेटियों को बचाना व पढ़ाना सरकारी पहल ही नहीं बल्कि यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि हम बेटियों को को सम्मान देंगे तो वे न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे देश का भविष्य उज्जवल बनाएंगी। हमें बेटा व बेटी में फर्क नहीं करना चाहिए।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में मंगलवार को नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि छठी में हिमांशु ने प्रथम, तनुष ने द्वितीय तथा कनिष्क ने तृतीय स्थान, सातवीं मे इशिका ने प्रथम, किशन ने द्वितीय तथा पूर्ति ने तृतीय तथा आठवीं में कार्तिक ने प्रथम, आयुष ने द्वितीय, तथा नीतू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रवक्ता विक्टोरिया ने बताया कि सीनियर वर्ग नौवीं में यशिका ने प्रथम, डिंपी ने द्वितीय तथा सुकन्या ने तृतीय तथा 11वीं में एकता प्रथम, खुशी द्वितीय तथा महक तृतीय स्थान पर रही।नव आगंतुक विद्यार्थियों का चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया।


रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## प्रभावी शिक्षण पद्धति लागू करने की तकनीकें सिखाईं

- दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

अध्यापकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्किल विकसित करने को लेकर सीबीएसई की ओर से कोसली के गांव गुर्जरवास स्थित न्यू एरा पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

डाइट हुसैनपुर के रिसोर्स पर्सन दीपक कुमार, डा. निरेनपाल सिंह और डा. सुरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। दीपक कुमार ने प्रथम दिन कार्यशाला में आईसीटी इंटीग्रेशन आधारित शिक्षण और कक्षा पठन की विभिन्न तकनीक को आधुनिक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप इस्तेमाल करने को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कोरोना के बाद से बच्चों में बदले व्यवहार को मनोवैज्ञानिक विधियों के अनुसार परखने और उसी अनुरूप तकनीक अपना कर प्रभावी शिक्षण पद्धति को कक्षा में लागू करने की विभिन्न तकनीकों के बारे में मनोरंजक व विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षक डा. निरेनपाल पाल सिंह ने शिक्षकों को एक्टिविटी और रटने की प्रक्रिया को दूर रखते हुए कांसेप्ट को समझ कर अर्जित ज्ञान को किस तरह उपयोग में लाकर सीखें।


रेवाड़ी। कार्यशाला में अध्यापकों को प्रशिक्षित करते डाइट के विषय विशेषज्ञ।

**अनेक बिंदुओं को लेकर चर्चा**

प्रशिक्षण सत्र में डा. सुरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एचपीसी प्रोग्रेस कार्ड, एसेसमेंट की विभिन्न विधियां, क्लासरूम माहौल को उत्पादक माहौल में बदलने सहित अनेक बिंदुओं को लेकर चर्चा की तथा ऑनलाइन क्विज के माध्यम से कक्षा में विद्यार्थियों को तनाव रहित रखकर प्रभावी शिक्षण कार्य संपन्न कराने, बच्चों में क्रियात्मकता व शिक्षण इंटरेस्ट को बनाए रखने जैसी विभिन्न विधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## 13 मई को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने हरियाणा पंचायत राज निर्वाचन नियम 1994 के तहत पंचायती राज संस्थाओं के पंच व सरपंच के प्रस्तावित उप चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची को अपडेट करने का निर्णय लिया है।

मतदाता सूची को लेकर मंगलवार को हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि के मार्गदर्शन में एसडीएम एवं जिला निर्वाचक अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने वीसी में दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही अमल में लाने ने निर्देश दिए। जिले की पंचायती राज संस्थाओं के 22 पंच व 1-1 सरपंच के चुनाव प्रस्तावित हैं।उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल तक जिला निर्वाचक अधिकारी पंचायत के निर्णय के विरुद्ध डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के समक्ष अपील दायर की जा सकती है। 6 मई तक अपीलेंट अथॉरिटी द्वारा दायर अपील का निपटारा करने उपरांत 13 मई 2025 को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन कर दिया जाएगा।


रेवाड़ी। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से आयोजित वीसी में भाग लेते एसडीएम सुरेंद्र सिंह।

**निर्वाचक पंजीयक अधिकारी नियुक्त**

कार्यवाहक डीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव को लेकर नई संशोधित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के सभी सात खंडों में निर्वाचक पंजीयक अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। इन अधिकारियों की देखरेख में हर गांव की नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। रेवाड़ी ब्लॉक में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, बावल में एसडीएम बावल उदय सिंह, नाहड़ में एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, धारूहेड़ा में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, खोल में सीटीएम प्रीति रावत, डहीना में जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल तथा जाटूसाना में जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित चौहान को निर्वाचक अधिकारी लगाया गया है।

## नांगल तेजू स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया

- बेहतर परिणाम अर्जित करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल तेजू में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

स्कूल में नए विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ विद्यालय आगमन पर विद्यालय प्रधानाचार्य विजय सिंह व स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने विद्यालय स्टाफ व उनकी कार्यशैली की सराहना की। विद्यालय स्टाफ व प्रधानाचार्य ने सत्र के दौरान मेहनत करते हुए बेहतर परिणाम अर्जित करने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।


रेवाड़ी। स्कूल में नए बच्चों का स्वागत करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### साधूशाह नगर स्थित मकान में लगी आग सामान जलकर राख



**रेवाड़ी।** शहर के साधूशाह नगर की गली नंबर-5 में मंगलवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट होने से मकान में आग लग गई। आग से घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग को कुकिंग गैस पाइप लाइन तक पहुंचने से पहले ही काबू कर लिया, जिसकी वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया।

**सरकारी खरीद** कोसली व बावल अनाजमंडी में नहीं शुरू हो पाई गेहूं की खरीद, सरसों की लगातार बढ़ती जा रही आवक

**नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण कई जगह गेहूं की खरीद नहीं हो पाई**

# रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में गेहूं की आवक शुरू फूड एंड सप्लाई विभाग ने 746 क्विंटल गेहूं खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल/कोसली

जिले की रेवाड़ी व कोसली अनाजमंडी में मंगलवार से सरसों के साथ गेहूं की आवक भी शुरू हो गई। बावल व कोसली मंडी में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण गेहूं की खरीद नहीं हो पाई।

रेवाड़ी अनाजमंडी में पहले दिन फूड एंड सप्लाई विभाग की ओर से 746 क्विंटल गेहूं 2425 रुपये एमएसपी की दर से खरीदा गया। फूड एंड सप्लाई विभाग के इंस्पेक्टर मुकेश यादव ने गेहूं की खरीद शुरू की। गेहूं की खरीद 12 प्रतिशत नमी तक की जाएगी। रेवाड़ी में हैफेड व फूड एंड सप्लाई विभाग, बावल में वेयरहाउस व कोसली में चार दिन हैफेड व दो दिन फूड एंड सप्लाई विभाग की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। वही बुधवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 463 किसानों से 8800 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से अभी तक 68800 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। बावल अनाजमंडी में वेयर हाउस कारपोरेशन की ओर से बुधवार को 109 किसानों से 2308 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। वेयरहाउस से परचेजर सुरेन्द्र ने बताया कि अब तक 18000 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है तथा कट्टों का उठान भी साथ ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार व बुधवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा मंगलवार, वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को हैफेड गेहूं की खरीद करेगा। मंगलवार को गेहूं में नमी के कारण खरीद शुरू नहीं की गई। हैफेड के प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि गेहूं में नमी की मात्रा 14 से 22 प्रतिशत तक पाई गई।


रेवाड़ी। अनाजमंडी में गेहूं की खरीद करते मुकेश यादव। फोटो : हरिभूमि

**एसडीएम ने कोसली अनाजमंडी का दौरा किया**

एसडीएम विजय कुमार यादव ने मंगलवार को कोसली अनाज मंडी का दौरा किया तथा मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को स्टाक जमा नहीं होने देने तथा फसल का उठान तेजी से कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मंडी में पेयजल व्यवस्था, धर्मकांटों की सर्विस, बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार तक 60135 क्विंटल तथा मंगलवार दोपहर तक 8000 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है तथा 81 हजार 986 कट्टों का उठान कर दिया गया है।


रेवाड़ी। अनाजमंडी में फड पर लगी सरसों की ढेरियां।

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ 12 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर 12 अप्रैल को सुबह व शाम सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सुबह 8 बजे आयोजित सुंदरकांड पाठ में मुख्य यजमान योगराज सोनी व किरण सोनी अजरका वाले होंगे। दोपहर 12:15 बजे भंडारे का आयोजन होगा। शाम 5 बजे आयोजित सुंदरकांड पाठ में मुख्य यजमान सत्यांश शर्मा व सीमा शर्मा होंगे तथा शाम 7 बजे से भंडारे का आयोजन होगा।

### पति सहित 6 ससुराल वालों पर दहेज का केस दर्ज

**कोसली।** झाड़ौदा गांव की एक विवाहिता ने सहादतनगर गांव निवासी अपने पति सहित छह ससुरालीजन व एक अन्य के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जिला पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता मनीषा देवी ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 17 वर्ष पहले सहादतनगर निवासी मनोज से हुआ था। उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया था, परन्तु पति मनोज, सास राजबाला, ननंद मधु उर्फ सपना व ममता, ननदोई भगत सिंह व चन्द्रभान शादी में दिए गए दान दहेज से नाखुश थे।

### तीन दिवसीय नाट्य उत्सव कल से

**रेवाड़ी।** हरियाणा कला परिषद एवं सामाजिक व नाट्य संस्था भरतमुनि कला केंद्र की ओर से बाल भवन में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक तीन दिवसीय नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। नाट्य उत्सव के प्रथम दिन हांस्य नाटक 'हाय रे लैला' का मंचन किया जाएगा। संस्था की पदाधिकारी हिमानी ने बताया कि विकास शर्मा द्वारा लिखित और डा. अंकुर खेर द्वारा निर्देशित 'हाय रे लैला' का दक्षिण हरियाणा क्षेत्र में प्रथम मंचन होगा। दूसरे दिन हांस्य व्यंग्य नाटक 'सैया भैय कोतवाल' का मंचन होगा, जिसका निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी सतीश मस्तान ने किया है, जो प्रसिद्ध साहित्यकार बसंत सबनीस द्वारा लिखा गया है। तीसरे दिन नाटक 'दिग्दर्शन' का मंचन होगा, इसके लेखक प्रियम जानी तथा निर्देशक मदन डागर हैं। यह नाटक अपने आप में एक रंग मंच की दुनिया का व्याख्यान करता है।

## भिवाड़ी को ठहरा रहे जिम्मेदार, लोकल लेवल पर भी प्रदूषण फैलाने वालों की कमी नहीं

# सोसायटीज का अनट्रीट वाटर बना मुसीबत धारूहेड़ा क्षेत्र के लोगों को निजात नहीं

- मसानी बैराज का पानी बुरी तरह दूषित हो चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/धारूहेड़ा

जल प्रदूषण धारूहेड़ा कस्बा के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी स्वास्थ्य का बड़ा खतरा बना हुआ है। विधानसभा तक कई बार मामला उठने के बावजूद दूषित पानी की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। इस पानी के भूमिगत जल में समाने के बाद जमीन से निकलने वाला पानी भी दूषित हो चुका है। हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से गठित अधिकारियों की एक कमेटी ने भी दूषित पानी का जायजा लिया है, परंतु समाधान की जल्द संभावना नजर नहीं आ रही है।

धारूहेड़ा क्षेत्र में जल प्रदूषण का खतरा लगातार गहराता जा रहा है। पहले इसके लिए राजस्थान के औद्योगिक कस्बा भिवाड़ी के उद्योगों को जिम्मेदार ठहराया जाता था। सोहना रोड पर रैंप बनाने के बाद वहां से आने वाले केमिकलयुक्त पानी पर काफी हद तक रोक लग चुकी है। इसके बावजूद दूषित पानी का बहाव इस क्षेत्र में कम नहीं हुआ है। लोकल इंडस्ट्रीज से लेकर ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज तक का दूषित पानी कस्बे के साथ-साथ आसपास के 8 गांवों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है। एक ओर जहां दुग्ध व दूसरे उद्योग बिना ट्रीट किया हुआ पानी छोड़ रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रुप हाउसिंग सोसायटीज ने सीटीपी तक नहीं लगाए हैं।

दूषित पानी को या तो सहगल मिल के पास पड़ी खाली जमीन की ओर छोड़ा जा रहा है या फिर उसे मसानी बैराज में पहुंचाया जा रहा है। मसानी बैराज का पानी बुरी तरह दूषित हो चुका है। गत दिनों इसमें मछलियां तक मरी हुई मिली थीं। कई गांवों के हैंडपंपों से भी दूषित पानी निकल रहा है, जो पशुओं को पिलाने के लायक भी नहीं है। मामला हाईकोर्ट से लेकर एनजीटी तक पहुंचा हुआ है, परंतु अभी तक ठोस समाधान के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। विस में मामला उठने के बाद सरकार की ओर से गठित कमेटी से जुड़े अधिकारियों की टीम ने बीते सप्ताह ही प्रदूषण की स्थिति का जायजा लिया है। बताया जा रहा है कि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर भारी खामियां देखने को मिली हैं। कमेटी इसकी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।





रेवाड़ी। धारूहेड़ा के महेश्वरी मे जमा दूषित पानी से गुजरते वाहन तथा मसानी बैराज में जमा दूषित पानी। फोटो : हरिभूमि

### दूषित पानी चर्म रोगियों की संख्या में इजाफा कर रहा

जानकार सूत्रों के अनुसार इस समय औद्योगिक क्षेत्र की छोटी-बड़ी लगभग 170 यूनिटों का केमिकलयुक्त पानी बिना ट्रीट किए हुए छोड़ा जा रहा है। यह दूषित पानी में खुले में बहता है। पानी सूखने के बाद मिट्टी की धूल भी वातावरण में जहर घोलने का कार्य कर रही है। हवा और पानी दोनों दूषित हो रहे हैं। बोर्ड की ओर से ऐसे उद्योगों के खिलाफ कड़ा एक्शन नहीं लिया जा रहा है। सड़कों पर फैलने वाला दूषित पानी चर्म रोगियों की संख्या में इजाफा कर रहा है, तो भूमिगत जल कैंसर व किडनी जैसी गंभीर बीमारियों को न्योता देने का काम कर रहा है।

### प्रमुख नेशनल हाइवे पर भारी संकट

कस्बा धारूहेड़ा दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर बसा हुआ है। यह हाइवे देश के प्रमुख राजमार्गों में से एक है। देश की राजधानी दिल्ली को आर्थिक राजधानी मुंबई से जोड़ने वाले इस हाइवे से रोजाना लाखों वाहन गुजरते हैं। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी यहां से आवागमन करते हैं। जब दूषित पानी नेशनल हाइवे की ओर फैलता है, तो यहां से निकलने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। बरसात के सीजन में हालात और भी विकराल बन जाते हैं। पानी की मात्रा बढ़ते ही यह नेशनल हाइवे पार करने लगता है, जिससे जाम की समस्या भी खड़ी हो जाती है।

### सीटीपी की कार्यशैली पर संदेह

दूषित पानी को ट्रीट करने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से सीटीपी तो लगाए हुए हैं, परंतु उनसे ट्रीट होने वाले पानी के सही ट्रीटमेंट पर भी सवाल उठते रहते हैं। संयंत्रों में खराबी के कारण कई बार अनट्रीट वाटर को ही नाले के जरिए साबी नदी के बैराज तक पहुंचाया जाता है। एक दुग्ध उद्योग का दूषित पानी सड़े हुए दूध की तरह दुर्गंध फैला रहा है, परंतु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से इस पर कंट्रोल नहीं किया जा रहा है। विधानसभा तक मामला गूंजने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### समय-समय पर की जाती है जांच

एचएसपीसीबी की ओर से दूषित पानी की समस्या को लेकर कई बार सैंपलिंग कराई जाती है। प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ मिलने पर संबंधित विभाग या उद्योगों को नोटिस जारी करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाती है। ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के दूषित पानी को लेकर भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



-हरीश कुमार, आरओ, एचएसपीसीबी।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते डीआईपीआरओ दिनेश कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय विद्यालयों में आयोजित हुए प्रवेशोत्सव

**खास बातें**
- मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित
- विद्यालय में हवन के साथ प्रवेश उत्सव की शुरूआत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हुए बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रही है। बेहतरीन शैक्षणिक माहौल देते हुए बच्चों को शिक्षा के साथ ही अपने संस्कारों से जोड़े रखते हुए कुशल मार्गदर्शन किया जा रहा है जिसमें राजकीय विद्यालय अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

डीआईपीआरओ दिनेश कुमार मंगलवार को गांव पातूहेड़ा स्थित शहीद हुकम सिंह राजकीय उच्च विद्यालय एवं शहीद पतराम राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रवेश उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। विद्यालय में हवन के साथ प्रवेश उत्सव की शुरूआत हुई। प्रवेश उत्सव में ब्लॉक समिति बावल अध्यक्ष छतरपाल व गांव के सरपंच हवा सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डीआईपीआरओ ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदत्त करते हुए बेहतर नागरिक बनाने में अपना अतुलनीय योगदान दे रही है।

उन्होंने वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। गांव के वयोवृद्ध रामपाल खटाना ने विद्यार्थियों को गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। प्रवेश उत्सव में छात्रा रितिका, कोमल, हर्ष, सोनी को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका स्टेट अवार्डी शोभा भारद्वाज व मुख्य शिक्षक अमित राणा ने विद्यालयों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय सतबीर, अजय, सतीश कुमार, रविदत्त, संदीप भारद्वाज, मधु, सुनीता, ज्योति, भूमिका, कविता, कमलेश, दिनेश, मनजीत, प्रीतम सिंह, कृष्ण, रामनिवास, प्रीतम, निशा व प्रियंका उपस्थित थे।

## कन्या जन्म पर दो गांवों में किया गया कुआं पूजन

- समाज को लड़का व लड़की में फर्क नहीं करना चाहिए। आज के समय में लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के बराबर है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड





रेवाड़ी। गांव नांगल मूंदी में कुआं पूजने जाती महिलाएं तथा गांव माजरा भालखी में कुआं पूजते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

गांव नांगल मूंदी निवासी मास्टर समुन्द्र सिंह व संतोष देवी ने पौत्री के जन्म पर कुआं पूजन सामारोह करके बेटा-बेटी के भेदभाव को समाप्त कर समाज का सार्थक संदेश दिया। पूनम यादव व अनिल कुमार ने कहा कि उनके घर पर चेतना के रूप में लक्ष्मी आई है। समाज को लड़का व लड़की में फर्क नहीं करना चाहिए। आज के समय में लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के बराबर है।

इस अवसर पर मोहनलाल, कालूराम, राजबीर नंबरदार, विजय सरपंच, कप्तान किरण सिंह, प्रेम सिंह, सुनील कुमार, रीना यादव, वीरमती, नीलम, बिमल, रामरती, ओम व लाली देवी मौजूद थे।

गांव माजरा भालखी में मनीष कुमार व सुनीता देवी के घर पोती के जन्म पर कुआं पूजन व प्रतिभोज कार्यक्रम आयोजित किसा गया। कन्या काव्या के पिता अभिषेक व मां आशा ने कहा कि समाज में लड़कियों के प्रति जागरूकता आ रही है। कन्या के पड़दादा भरपूर सिंह, पड़दादी सुशीला देवी, दादा नवीन कुमार व दादी मोनिका सहित गांव के गणमान्य लोगों ने कन्या को आशीर्वाद दिया।

## राजकीय विद्यालय बनीपुर में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल




रेवाड़ी। स्कूल में नए विद्यार्थियों का स्वागत करते शिक्षक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्राचार्या डा. शालिनी पुरोहित ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। परीक्षा इंचार्ज सुषमा प्रवक्ता इतिहास ने कक्षा 6 से 9वीं और 11वीं की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। प्राचार्या ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। प्राचार्या व अध्यापकों ने स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सतबीर, जंग बहादुर, नितिन शर्मा एसएमसी प्रधान, महेंद्र थानेदार, रोहताश, धनवंती पंच, प्रवेश देवी व कमला देवी थे। लक्ष्मीनारायण ने हवन सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में सभी अध्यापक, एसएमसी सदस्य व विद्यार्थी मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## शहीद जीतराम राजकीय विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

शहीद जीतराम राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा मुख्य अतिथि व खंड संसाधन एवं समन्वयक अधिकारी डा. राजेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि थे। इस मौके पर खंड नाहड़ के सभी सीआरसी मुखिया, ग्राम पंचायत नाहड़ के सरपंच महेंद्र सिंह यादव एवं एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य यशवंत पाल, योगेश यादव, मनीष कुमार, सुमन लता, खंड हसला प्रधान प्रमोद कुमार, संजय कुमार, नरेंद्र कुमार, ज्योति यादव, मोहित कुमार, मिडिल हेड वेदपाल, विज्ञान अध्यापक कृष्ण कुमार, विद्यालय के डीपीई पवन कुमार, मीनाक्षी, सोमवीर सिंह, स्पेशल टीचर डा. पूनम, करूण, सोमबीर क्लर्क, स्पेशल टीचर धर्म सिंह मीणा, प्राइमरी विद्यालय की मुख्य शिक्षिका संतोष, सीमा, लाजवंती व संजय कुमार उपस्थित थे।

## प्रवेश उत्सव का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना: वीर कुमार



**रेवाड़ी।** राजकीय पाठशाला लुखी में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सनातन परंपरा के अनुसार हवन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद थे। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बीआरसी राजेंद यादव, प्रिंसिपल उमा यादव, हैड मास्टर मनोज कुमार, गुरदयाल एडवोकेट, विनोद कुमार, हरीश मंडल अध्यक्ष, मनोज कुमार सरपंच नठेडा व बिक्रम सरपंच झाल सहित सभी शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### नीलामी में लिए गए मकान का ताला तोड़ा, पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज

- सीसीटीवी फूटेज में प्रदीप और उसका बेटा मकान का ताला तोड़ने का प्रयास करते हुए नजर आए

**बावल।** फाइनेंस बैंक की नीलामी में खरीदे गए मकान का ताला तोड़कर कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी को दर्ज शिकायत में किशनपुर निवासी अरुण कुमार ने बताया कि फाइनेंस बैंक ने लोन चुकता नहीं करने पर प्रदीप और उसकी पत्नी मीना के मकान पर बैंक ने 9 अक्टूबर 2023 को कब्जा लेते हुए मकान सील कर दिया था। बैंक ने मकान की नीलामी की तो उसने यह मकान 30.01 लाख रुपये में खरीद लिया। मकान में तीन दुकानें भी बनी हुई हैं। फायनेंस बैंक ने उसे नीलामी के बाद मकान का कब्जा दे दिया था। अरुण ने आरोप लगाया है कि मकान खरीदने के बाद उसके मकान की छत से सामान गायब होना शुरू हो गया। इसके बाद उसने मकान में सीसीटीवी कैमरा लगवा लिया। सीसीटीपी फूटेज में प्रदीप और उसका बेटा मकान का ताला तोड़ने का प्रयास करते हुए नजर आए।

**आस्था** | आज होगी मां स्कंदमाता की आराधना, शहर के मंदिरों में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

## दुर्गा माता के मंदिरों में नवरात्रों की धूम मंदिरों में किए जा रहे धार्मिक अनुष्ठान

मंगलवार को दुर्गा मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा व चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की

- शहर के कई मंदिरों ने विशेष अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। बारा हजारी दुर्गा मंदिर में माता की पूजा करते श्रद्धालु तथा लाइटों से सजा हुआ दुर्गा माता का मंदिर। फोटो: हरिभूमि

चैत्र नवरात्र के पर श्रद्धालुओं ने मंगलवार को दुर्गा मां के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा व चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। नवरात्र पर शहर के मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लग रही है। माता के सभी मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया है। दुर्गा मां के इस पर्व को मनाने के लिए शहर के कई मंदिरों ने विशेष अनुष्ठानों का भी आयोजन किया जा रहा है। मान्यता है कि देवी चन्द्रघंटा मस्तक पर अर्ध चन्द्र को सुशोभित किए हुए जीवन में प्रकाश का स्त्रोत बन कर कार्य करती है। मां दुर्गा के चौथे स्वरूप को कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था तब मां कूष्मांडा ने अपने हांस्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी, कूष्मांडा मां ही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति हैं, इनके पूर्व प्रमाण का अस्तित्व था ही नहीं, मां का निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है, इनके शरीर की कांति और प्रभाव सूर्य के समान ही दैदीप्यमान और भास्वर है। नवरात्रों पर बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर, सेक्टर-3 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर व बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम किए जा रहे है। इस बार नवरात्र 8 दिन के होंगे।

### आज होगी मां स्कंदमाता की आराधना

चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा के 5वें स्वरूप को मां स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। बुधवार को उपासक मां स्कंदमाता की आराधना करेंगे। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां भक्तों के सारे दोष और पाप दूर कर देती है। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की 4 भुजाएं हैं। इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है। बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है, उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह भी इनका वाहन है। स्कंदमाता को पार्वती एवं उमा के नाम से भी जाना जाता है। अलसी एक औषधि से जिससे वात, पित्त, कफ जैसी मौसमी रोग का इलाज होता है। इस औषधि को नवरात्रि में माता स्कंदमाता को चढ़ाने से मौसमी बीमारियां नहीं होती है।